प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 27 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव कार्यक्रम में आयुष विभाग के तीन पोर्टल जारी किए।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह हमारे स्वस्थ जीवनशैली के लिए अनमोल देन है।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

- भारत से विभिन्न देशों में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का खुलासा कर रहे हैं।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उपायुक्तों को मानसून से पहले नालों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- पलवल में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई।

*****************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव कार्यक्रम में आयुष विभाग के तीन पोर्टल जारी किए। इस अवसर पर योग से जुड़ी संस्थाओं व व्यक्तिओं को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 25 दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग हमारी जीवन शैली के लिए अनमोल देन है।जिससे कर्मों में कुशलता आती है। मन और आत्मा का परमात्मा से जुड़ाव संभव होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा-

उन्होंने ने सेना में योग के महत्व पर भी बल दिया।कार्यक्रम के दौरान उन योग शिक्षकों को श्रद्धांजलि दी गई जिनका देहावसान हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि जिन आयुष योग सहायकों का निधन हो गया है उनके परिवारों के लिए बीमा नीति बनेगी।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य, कई गणमान्य व प्रशासनिक अधिकारी एवं योग साधक भी उपस्थित रहे।

**************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए देश में भविष्य की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में एक मीडिया नेटवर्क के शिक्षा सम्मेलन में श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक दूरदर्शी ढांचे के रूप में उभरी है, जो भारत में सीखने के भविष्य को आकार दे रही है।

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लगभग तीन दशकों के बाद पहली बार भारतीयता के आधार पर एक दार्शनिक मसौदा फिलोसोफिकल डॉक्यूमेंट बनी, जिसमें भारत आने वाले सदियों में 21 सेन्चुरी में अपनी आवश्यकता को कैसे पूरा करे, प्राथमिकता किस पर रहेगी। न केवल भारत, विश्व के वंचित वर्गों के सामान्य लोगों की भी अपेक्षाओं को कैसे हम ग्लोबल सिटिजन बना कर पूरा कर पाएं। इस प्रकार की दृष्टि, इस प्रकार की विज़न प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिया है।*

*************

भारत से विभिन्न देशों में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का खुलासा कर रहे हैं कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अमरीकी देश गयाना का दौरा किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री थरूर ने कहा कि गयाना ने आतंकी हमले से खुद की रक्षा करने और प्रभावशाली तरीके से कार्रवाई करने के भारत के अधिकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया को आकार देने में गयाना का समर्थन महत्व रखता है। प्रतिनिधिमंडल ने गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद गयाना के राष्ट्रापति ने कहा कि आतंकवाद और चरमपंथवाद मानव के सम्मान के हर पहलु के विरूद्ध है। गयाना इसके सभी रूपों का खंडन करता है। जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल ने सिंगापुर के वरिष्ठ विदेश और

गृहमंत्री के साथ बैठक की। बैठक के बाद संजय कुमार झा ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल से पाकिस्तान को काली सूची में शामिल करने का आग्रह किया।प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ऑपरेशन सिंदूर और भारत की आतंकवाद से निपटने की नीति में उभरते न्यू नॉर्मल की जानकारी दी। सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल ने कतर की अपनी आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की। दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कतर के वरिष्ठ अधिकारियों, कतर के शैक्षणिक समुदाय के सदस्यों और वहां के थिंक टैंक के साथ चर्चा की। अपनी बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सीमापार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति से अवगत कराया।

**************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में मानसून सीजन से पहले नालों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक कार्यक्रम बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने को कहा। ताकि नालों की सफाई का कार्य हर हाल में 15 जून से पहले पूरा हो सके। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा नालों की आंतरिक सफाई की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त, फील्ड में कार्यरत सभी अभियंताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में नालों की सफाई सही तरह से की जाए।उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए इस सम्बन्ध में सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा करने के निर्देश दिए।

*************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आशा व्यक्त की है कि पलवल में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता रहे पहलवान वियतनाम में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेंगे।चंडीगढ़ यूटी कुश्ती एसोसिएशन व भारतीय कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में पलवल में आयोजित 17 वर्ष से काम आयु के पहलवानों की राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में खेल मंत्री ने कहा –

मंत्री ने कहा कि कुश्ती केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि दिमाग का खेल भी है। खिलाड़ियों के दमखम पर हरियाणा आज ओलम्पिक व अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है।

इस अवसर पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा –

पलवल में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों की फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में भी हरियाणा ओवरआल चैंपियन रहा है। लड़कियों की कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने 10 में से 7 स्वर्ण पदक प्राप्त किए । इसके अलावा प्रदेश के बेटों ने भी 10 में से 5 स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया।चैंपियनशिप में 40 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की चेष्टा ने स्वर्ण, उत्तर प्रदेश की प्रीति यादव ने रजत, दिल्ली की दिशा और महाराष्ट्र की स्नेहल ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता जबकि 43 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की रचना ने स्वर्ण, छत्तीसगढ़ की सुभद्रा यादव ने रजत और दिल्ली की खुशी व महाराष्ट्र की अनुष्का ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया।इसी तरह 46 किलोग्राम भार वर्ग में महाराष्ट्र की रूतुजा ने स्वर्ण, दिल्ली की अदिती कुमारी ने रजत और राजस्थान की कशिश गुरजार और हरियाणा की पूजा ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक जीता।